राजकीय पॉलिटेक्निक पश्चिम चंपारण में कौशल विकास कार्यशाला जारी



पश्चिम चंपारण। राजकीय पॉलिटेक्निक पश्चिम चंपारण में पाँचवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए 22 अक्टूबर 2026 से कौशल विकास कार्यशाला आयोजित की गयी है। इन्फोसिस फाउंडेशन के सहयोग से सेंटम फाउंडेशन के 'इन्फोसिस स्प्रिंगबोर्ड लाइवलीहुड–फेज II' कार्यक्रम के अंतर्गत संचालित यह कार्यशाला 7 नवंबर तक चलेगी। प्रशिक्षण संस्थान के सभागार में दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित किया जा रहा है।

कार्यशाला में विद्यार्थियों को संचार कौशल, व्यक्तित्व विकास, साक्षात्कार की तैयारी, प्रोफाइल निर्माण, ईमेल शिष्टाचार तथा डिजिटल उपकरणों के उपयोग का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके साथ ही कार्यस्थल पर कृत्रिम बुद्धिमत्ता के उपयोग और व्यावसायिक जगत की आवश्यकताओं से परिचित कराया जा रहा है।

प्रभारी प्राचार्य श्री नीतीश कुमार चौधरी तथा प्रशिक्षण एवं नियोजन पदाधिकारी श्री सुशील कुमार दास के समन्वय में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों का आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें रोजगार के अवसरों के लिए तैयार करना है।